परीक्षा सूचना: सहायक प्रबंधक (स्केल I) और उप प्रबंधक (स्केल II) में अधिकारियों की भर्ती

सहायक प्रबंधक (स्केल I) और उप प्रबंधक (स्केल II) की भर्ती के संबंध में दिनांक 01.12.2021 के एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समचार तथा रा.आ.बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित दिनांक 11.12.2021 के विज्ञापन सं. रा.आ.बैंक/मानव संसाधन एवं प्रशासन/भर्ती/2021-22/01 का संदर्भ लें।

इस संबंध में, सभी अभ्यर्थियों जिन्होंने सहायक प्रबंधक (स्केल I) पद के लिये आवेदन किया है को अधिसूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा संपूर्ण भारत के विभिन्न केंद्रों पर दिनांक **27.02.2022 (रविवार)** को उक्त पद हेतु ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा हेतु पंजीकृत अभ्यर्थी दिनांक 10.02.2022 से रा.आ.बैंक की वेबसाइट (http: www.nhb.org.in) से अपना संबंधित ई-कॉल लेटर डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आखरी समय में किसी भी समस्या से बचने के लिये अग्रिम में अपना ई-कॉल लेटर डाउनलोड करें। इस परीक्षा के लिए कोई कागज़-आधारित कॉल लेटर जारी नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अपने ई-कॉल लेटर पर हाल ही का फोटोग्राफ चिपकाकर तथा आईडी प्रमाण की फोटोकॉपी के साथ मूल में एक वैध फोटो पहचान प्रमाण आबंटित स्थल पर प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-कॉल लेटर पर उल्लिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें तथा उक्त का अवलोकन करें। ई-कॉल लेटर एवं आईडी प्रमाण संबंधित दस्तावेजों के अतिरिक्त, निम्नलिखित वस्तुओं को परीक्षा स्थल पर ले जाने की अनुमति है –

- **क. मास्क (मास्क पहनना अनिवार्य है)**
- **ख. दस्ताने**
- **ग. व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल (अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल ला सकते हैं)**
- **घ. व्यक्तिगत हैंड सैनिटाइज़र (50एमएल)**
- **ङ. एक साधारण कलम**
- **च. स्क्राइब अभ्यर्थी के मामले में - स्क्राइब फॉर्म फोटोग्राफ के साथ विधिवत भरा हुआ तथा हस्ताक्षरित होना चाहिये।**

अभ्यर्थियों को सामाजिक दूरी के कोविड -19 मानदंडों के साथ-साथ परीक्षा हॉल के अंदर तथा परीक्षा स्थल के परिसर में वैयक्तिक स्वच्छता का पालन करना होगा।

अभ्यर्थी के मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु ऐप होना चाहिए जिसमें अभ्यर्थियों का कोविड-19 जोखिम स्तर दिखना चाहिए। अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को अपनी कोविड-19 जोखिम स्थिति दिखानी होगी। यदि किसी अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है, तो उसे इस संबंध में (ई-कॉल लेटर के साथ स्व-घोषणा प्रारूप प्रदान किया गया है) एक हस्ताक्षरित घोषणा पत्र लाना होगा तथा परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को इसे दिखाना होगा। प्रवेश स्थान पर जोखिम स्थिति दिखाने के बाद, अभ्यर्थियों को अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ करना होगा,

तथा निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा और बाहर निकलते समय इसे लेना होगा। अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू हो) की तापमान की जाँच थर्मो गन के माध्यम से परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय की जाएगी।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कीमती/महंगी वस्तुओं एवं बैग को परीक्षा हॉल में न लाएं, क्योंकि वस्तुओं को सुरक्षित रखने का आश्वासन नहीं दिया जायेगा।

अभ्यर्थियों को ई-कॉल लेटर पर उल्लिखित समय से 15 मिनट पहले परीक्षा स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। देर से रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रशासक की पूर्व अनुमति के बिना परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि परीक्षा की तारीख/सत्र/स्थल को बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

नई दिल्ली — उप महाप्रबंधक

10.02.2022 — मानव संसाधन प्रबंधन विभाग